हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, शनिवार, 24 मई 2025



11 शहरी आजीविका मिशन की महिला समूह...





12 महायाचान में खुले में डाला जा रहा मुर्गे व बकरे को...









## ख़बर संक्षेप

### पेट्रोल पंप पर खड़ा ट्रक हुआ चोरी, केस दर्ज

**महेंद्रगढ़।** गांव पाली के पास एक पेट्रोल पंप पर खड़ा ट्रक रात को चोरी हो गया हैं। ट्रक मालिक ने सदर पुलिस थाने में शिकायत दी हैं। चरखी दादरी के गांव मानकावास निवासी रमेश कुमार ने पुलिस को बताया कि उसने पास एक हाईवा ट्रक है। जिसको चरखी निवासी सोमवीर सकना चलता था। वह जेरपुर से सिहमा चलता था, जब काम नहीं होता तब ड्राइवर ट्रक को गांव पाली के नजदीक एक पेट्रोल पंप पर खड़ा करके घर आ जाता था।

### हजारों रुपये कीमत की सरसों चोरी

**कनीना।** गांव सुंदरह में अज्ञात चोरों ने किसान की हजारों रुपये कीमत की सरसों चोरी कर ली। इस बारे में किसान शमशेर सिंह ने दोंगड़ा पुलिस चौकी में दी शिकायत में कहा कि वह अपने नए मकान में रहता है जबकि पुराने मकान में 14 एकड़ जमीन में उगाई गई सरसों रखी हुई थी। उन्होंने जाकर देखा तो रखी गई सरसो में 40 बैग कम मिले। अज्ञात चोर 40 बैग सरसों चोरी कर ले गया।

### ग्रामीण सफाई कर्मियों का सम्मेलन 25 को

**महेंद्रगढ़।** ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन का 25 मई को यादव धर्मशाला में सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जिला प्रधान पवन कुमार ने कहा कि सम्मेलन में एआईयूटीयूसी जिला प्रधान मास्टर सूबेसिंह संबोधित करेंगे तथा सम्मेलन में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की लंबित व न्यायसंगत मांगों पर चर्चा कर आंदोलन की भावी रूप रेखा तय की जाएगी।

### जांजडियावास में दादी सती का मेला व भंडारा 27 को

**महेंद्रगढ़।** गांव जांजडियावास में 27 मई को अमावस्या के अवसर पर दादी सती मंदिर में देशी घी के भंडारा तथा मेले का आयोजन किया जाएगा। मेला प्रबंधक कमेटी प्रधान सूबेदार रामअवतार ने बताया कि मेले में 26 मई को रात्रि जागरण होगा। जिसमे मुख्य कलाकार डॉ. ऋषिपाल, मनोज जांगड़ा, संदीप निराला एंड पार्टी द्वारा दादी सती की महिमा का गुणगान किया जाएगा।

### मिड-डे मील कार्यकर्ता की बैठक कल

**महेंद्रगढ़।** मिड-डे मील कार्यकर्ता यूनियन की बैठक 25 मई को यादव धर्मशाला में होगी। जिला प्रधान सुनीता जांगड़ा व ब्लॉक प्रधान हेमलता ने बताया कि महेंद्रगढ़ ब्लॉक की मिड-डे मील कुक कम हेल्पर्स की रविवार को प्रातः नौ बजे यादव धर्मशाला होगी। मिड-डे मील कार्यकर्ता की पानीपत में पांच जून को होने वाली प्रदेश स्तरीय रैली की तैयारी को लेकर बैठक की जाएगी।

### क्रूजर गाड़ी ने दूसरी गाड़ी को मारी टक्कर

**मंडी अटेली।** अटेली से खैराना रोड पर क्रूजर गाड़ी ने दूसरी गाड़ी को साइड से टक्कर मार दी। जिससे गाड़ी सवार घायल हो गए। खैराणा निवासी रत्न सिंह ने पुलिस में दर्ज शिकायत में बताया कि 17 मई वह उसके परिवार वाले माता ग्यारसी देवी व उसकी पत्नी मंजू सभी उसकी गाड़ी से उसके गांव अटेली होते हुए जा रहे थे। जब रातांकलां के समीप समय करीब तीन बजकर 40 मिनट पर पहुंचे, तब कनीना की तरफ से एक क्रूजर गाड़ी उसकी गाड़ी को सीधी टक्कर मार दी। परिजनों और उसके भी चोटे आई है।

# हीट वेव से मवेशियों का दूध घटने व बुखार की समस्या ने पशुपालकों की बढ़ाई चिंता



नांगल चौधरी। हीट वेव की चपेट में आए कटड़े का इलाज करता चिकित्सक विनय कुमार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नांगल चौधरी

■ छोटे कटड़ों पर मंडराया जानलेवा खतरा

हीट वेव की रफ्तार में तेजी आने लगी है। अधिकतर गांवों के जोहड़ खाली है तथा कैनाल बेस्ड नहरी पानी की सप्लाई भी पर्याप्त नहीं होती। ऐसे में छोटे कटड़े लू की चपेट में आकर बुखार से पीड़ति होने लगे हैं। दूसरी ओर मवेशियों का दूध घटने पर पशुपालकों की परेशानी बढ़ गई है। बचाव के लिए पशुपालक विभागीय अस्पतालों में आते हैं, लेकिन मूलभूत दवाइयों के आभाव में उन्हें राहत नहीं मिलती। ऐसे में चिंतित ग्रामीणों ने औने पौने दामों में मवेशियों को बेचना आरंभ कर दिया है।

आपको बता दें कि नांगल चौधरी, निजामपुर ब्लॉक में कृषि बोरवेलों का भूजल स्त्रोत सूख गया है। पेयजल किल्लत की समस्या उत्पन्न होने पर सरकार ने दोनों ब्लॉकों को डार्कजोन में शामिल कर दिया। साथ ही सिंचाई और जनस्वास्थ्य विभाग को डॉर्कजोन में अधिक पानी सप्लाई के निर्देश दिए गए थे, ताकि पशुओं को पानी और फसलों की सिंचाई सुचारू रूप से होती रहे, लेकिन निजामपुर ब्लॉक के ज्यादातर गांव नहरों से अटेच नहीं, जनस्वास्थ्य विभाग के बोरवेल भी ठप हो गए हैं। ऐसे में ग्रामीणों की पेयजल व्यवस्था नहरी पानी पर निर्भर हो गई है, लेकिन ग्रामीण वाटर टैंकों से पानी की सप्लाई नियमित नहीं होती, क्योंकि नसीबपुर के पास मैन टैंक से राशनिंग प्रणाली से पानी मिलता है। व्यवस्था को बनाए रखने के लिए ग्रामीणों को एक दिन छोड़कर एक दिन दो तीन घंटे ही सप्लाई मुहैया कराई जाती है। पर्याप्त पानी के आभाव में ग्रामीणों का पशुपालन व्यवसाय प्रभावित होने लगा है।

पहाड़ों की तलहटी पर बसे गांवों में कैनाल बेस्ड नहरी पानी भी डिमांड से कम मिलता है। जहां हीट वेव तेज होने के कारण रातभर गर्म हवाएं चलने से मवेशियों का दूध घटने लगा है। छोटे कटड़ों में बुखार आने का प्रकोप बढ़ गया है, विशेषकर भैंसों के कटड़ों को गर्मी सहना मुश्किल होने लगा है। समाधान के लिए परेशान पशुपालक विभागीय अस्पतालों में संपर्क करने लगे हैं, लेकिन यहां आवश्यक दवाइयों की किल्लत बनी हुई है। ऐसे में पशुपालकों को पेयजल प्रबंध के साथ दवाइयों की किल्लत भी झेलनी पड़ रही है।

#### सीमेंट की टीनशेड या छप्पर की छांया में बांधे मवेशी

चिकित्सकों के मुताबिक गर्मी में पशु को लोहे की टीनशेड नीचे ना बांधें, क्योंकि धूप में लोहा बहुत जल्द गर्म होता है और नीचे हीट एयर की सप्लाई करने लगेगा। जिससे मवेशी को डी हाईड्रेशन का खतरा बढ़ जाएगा। बचाव के लिए सीमेंट की टीनशेड या छप्पर का इस्तेमाल करना अनिवार्य है। बाड़े को पूर्ण रूप से हवादार बनाए रखें, संभव हो पाए तो कूलर लगाना बेहतर रहेगा। बाड़े के बाहर पानी का छिड़काव भी करते रहे, जिससे तापमान में आद्रता बनी रहेगी।

#### पशुओं को हरा चारा खिलाएं, पानी पिलाते रहे

विभाग के चिकित्सक डा. विनय कुमार ने बताया कि हीट वेव से छोटे कटड़ों को सर्वाधिक खतरा रहेगा। मवेशियों कर दूध भी घट सकता है, बचाव के लिए चारे में ज्वार, बाजर, घास व कासनी शामिल करें। बार बार पानी पिलाते रहे, जिससे शरीर का तापमान संतुलित बना रहेगा। उन्होंने कहा कि दवाइयों की किल्लत रहने से पशुओं के इलाज में परेशानी रहती है, लेकिन पशुपालकों को यथासंभव सुविधा मुहैया करवा रहे हैं।

### यात्रा में शामिल नहीं हुए सांसद, देरी से पहुंचे जिला अध्यक्ष, पूर्व शिक्षामंत्री ने बनाई दूरी

# भीड़ जुटाने में विफल रहे विधायक, भाजपा पदाधिकारियों ने बनाई यात्रा से दूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

महेंद्रगढ़ में आयोजित सीएम की धन्यवाद रैली के बाद भाजपा गुटबाजी दिखने लगी है। रैली के बाद जहां भाजपा के दिग्गज नेता असंतुष्ट नजर आए। वहीं शुक्रवार को महेंद्रगढ़ में ऑपरेशन सिंदूर के सफलता के सम्मान आयोजित तिरंगा रैली से अधिकाशं भाजपा पदाधिकारियों ने दूरी बना ली। वहीं विधायक में तिरंगा यात्रा में भीड़ जुटाने में पूरी तरह से असफल रहे। भाजपा सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह व पूर्व शिक्षामंत्री ने यात्रा में शामिल तक नहीं हुए। इसके अलावा जिला कार्यकारिणी के अधिकाशं सदस्य, पाली मंडल अध्यक्ष व सतनाली मंडल अध्यक्ष भी यात्रा से नदारद रहें। तिरंगा यात्रा शहर के अंबेडकर चौक से शुरू होकर बस स्टैंड मार्ग, राव तुलाराम चौक से होते हुए महाराणा प्रताप चौक पर समापन किया गया। तिरंगा यात्रा से पहले राव तुलाराम चौक पर यात्रा का समापन किया जाना था। लेकिन देर शाम कार्यकर्ताओं के दवाब में यात्रा का स्थान भी बदलना पड़ा। यात्रा के शुरूआत के समय करीब 100 कार्यकर्ता भी यात्रा में शामिल हुए। इसके बाद कार्यकर्ताओं की संख्या में कुछ बढ़ी।



महेंद्रगढ़। विधायक कंवर सिंह यादव की अगुवाई में निकलती तिरंगा यात्रा। फोटो : हरिभूमि

#### सेना के जवानों पर देश को गर्वः कंवर सिंह

तिरंगा यात्रा के समापन पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि पाकिस्तान के साथ हुआ हाल ही का युद्ध एक अभूतपूर्व साहस और शौर्य की गाथा था। भारतीय सैनिकों ने बड़े सटीक और संयमित तरीके से आतंकवादियों के ठिकानों को बर्बाद करते हुए भारी संख्या में उनको मार गिराया। यह एक ऐसा प्रहार था जिसने अजहर मसूद जैसे दुर्दांत आतंकवादी को बेबस होकर अपने परिवार की मौत पर प्रलाप करने पर मजबूर कर दिया। ऐसे लोगों को पहली बार अपने कुकर्मों का एहसास हुआ जब उनके निकट संबंधी भारतीय सेना के निशाने पर आए। दुश्मन द्वारा छोड़ी गई मिसाइल और ड्रोन देश की मात्रभूमि को छू तक नहीं पाई और उन सबका अंत हवा में ही कर दिया गया। उन्होंने इस युद्ध की समाप्ति के फैसले को प्रधानमंत्री का विवेकपूर्ण और बुद्धिमत्तापूर्ण लिया गया कदम बताया। उन्होंने कहा कि हमारा मूल लक्ष्य देश को विकसित राष्ट्र बनाने का है और उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कोई भी लम्बा शस्त्र संघर्ष जब तक राष्ट्रहित में जरूरी न हो, तब तक इससे बचना चाहिए। युद्ध हमेशा विकास के रास्ते में बाधा बनता है। इस सीमित युद्ध में हमारा लक्ष्य केवल उग्रवादियों को दंडित करना था और उग्रवादियों पर प्रहार के पश्चात इस युद्ध का लक्ष्य पूरा हो गया था।

#### इन कार्यकर्ताओं ने यात्रा से बनाई दूरी

तिरंगा यात्रा में सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह भी शामिल होने थे लेकिन सांसद के अलावा पूर्व शिक्षामंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने भी यात्रा से दूरी बनाई। इसके अलावा जिला कार्यकारिणी के सदस्य जिला महामंत्री अमित मिश्रा, जिला महामंत्री भवानी सिंह राजपूत, जिला उपाध्यक्ष अमित भारद्वाज, जिला सचिव मुकेश शर्मा, पाली मंडल अध्यक्ष दीपिका कुमारी, सतनाली मंडल अध्यक्ष बेबी शेखावट व महेंद्रगढ़ के पूर्व पांचों मंडल अध्यक्षों ने यात्रा में शामिल नहीं हुए।

*ये रहे मौजूदः* इस मौके पर जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव, पूर्व जिला अध्यक्ष और तिरंगा यात्रा जिला संयोजक दयाराम यादव, महेंद्रगढ़ तिरंगा यात्रा संयोजक योगेश शास्त्री, सुधीर दीवान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष पवन खेरवाल, मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार व संदीप कुमार, रवि प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष, रणधीर सिंह, इंद्रपाल यादव, संदीप मालड़ा, सुनील अग्रवाल, विकास यादव, राहुल, डॉ. महेश कुमार, कृष्ण ठेकेदार, सतीश, पार्षद बचनाई नाथ, कैप्टन सुरेश कुमार, ब्राहमण सभा प्रधान दिनेश वैध, प्रदीप, चंद्रकला,मंजीत, सोमवीर, शिवम जांगड़ा, देशराज फौजी, प्रेम फौजी आदि मौजूद थे।

## फोन पर जानकार बनकर ठगी करने वाले दो और आरोपी पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

फोन पर जानकार बनकर 90 हजार रुपये की ठगी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना साइबर की पुलिस टीम ने दो ओर आरोपितों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान देवीलाल और आदिल वासी नगीना फिरोजपुर झिरका, नूह के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों को नूह क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जांच में पता लगाया कि साइबर ठगी की वारदात में आरोपित देवीलाल का खाता प्रयोग हुआ था और आरोपित आदिल साइबर ठगों के लिए खाते खुलवाने का काम करता था। आरोपितों को शुक्रवार न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस द्वारा आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

इस मामले में पुलिस द्वारा एक आरोपित साकिर वासी अहमदबास फिरोजपुर झिरका नूह को मेवात के फिरोजपुर झिरका क्षेत्र से गिरफ्तार किया था। साइबर ठगी के मामले में आरोपित का खाता प्रयोग हुआ था। आरोपित ने कमीशन पर अपना खाता साइबर ठगों को दिया हुआ था। शिकायतकर्ता ब्रह्म प्रकाश निवासी गाँव कोरियावास नारनौल ने साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराई कि 15 फरवरी 2025 को




नारनौल। पुलिस गिरफ्त में आरोपित।

उसके मोबाइल नंबर पर एक फोन आया, जिसने खुद को शिकायतकर्ता का जानकार बताया और बताया कि उसका कोई जानकार होस्पिटल में एडमिट है, जिसकी फीस उसके अकाउंट से नहीं जा रही है।

जब शिकायतकर्ता ने फोन चैक किया तो उसके फोन में रुपये आने के मैसेज आए हुए थे और शिकायतकर्ता ने उसपर विश्वास करकर उसके बताए अनुसार अपने फोन पे नंबर से अन्य नंबरों पे कुल 90 हजार रुपये भेज दिए। उसके बाद जब उसने अकाउंट चैक किया तो उसपर कोई रुपये नहीं आए हुए थे, उलटा उसके खाते से रुपये कट गए थे। शिकायतकर्ता ने शिकायत दी कि अज्ञात ने उसका जानकार बनकर बहला फुसला कर उसके साथ कुल 90 हजार की ऑनलाइन ठगी की है।

## सांसद बने खाद्य आपूर्ति मंत्रालय परामर्श समिति के चेयरमैन



कनीना। महेंद्रगढ़-भिवानी लोकसभा क्षेत्र के सांसद चैधरी धर्मबीर सिंह को भारतीय खाद्य निगम, खाद्य आपूर्ति मंत्रालय की सर्वोच्च परामर्श समिति में हरियाणा प्रदेश के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किए जाने पर भाजपा पदाधिकारियों ने खुशी जाहिर की है। एडवोकेट जितेंद्र शर्मा, चेयरमैन अमरजीत यादव, अनूप सुहाग, राजकुमार यादव ने बताया कि उनकी नियुक्ति के बाद खाद्य सुरक्षा की दिशा में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश में किसनों द्वारा धरती का सीना चीरकर कड़ी मेहनत से अन्न पैदा किया जाता है। हजारों एमटी अन्न रूपी खाद्य पदार्थ देखरेख में कमी तथा लापरवाही के कारण गोदामों में खराब हो जाता है। सांसद के कुशल नेतृत्व में अन्न को सुरक्षित रखने तथा समय-समय पर देखरेख करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। अन्न भंडारण में उपयोग होने वाली जहरीला दवा के स्थान पर अन्य विकल्प का चयन होगा।

## रेलवे स्टेशन, बाजार, डिलीवरी हब तथा बस स्टैंड पर हो रहा पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

■ गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को पंजीकृत करने को 21 से 30 मई तक विशेष पंजीकरण अभियान

गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए 21 से 30 मई तक विशेष पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान ई-श्रम पोर्टल पर श्रमिकों का पंजीकरण किया जाएगा। रेलवे स्टेशन, बाजार, डिलीवरी हब तथा बस स्टैंड आदि पर भी चल रहा है। लाभार्थी किसी भी सीएससी सेंटर पर भी अपना पंजीकरण करा सकते हैं। ई-श्रम पोर्टल पर श्रमिक अपने मोबाइल जो आधार कार्ड से लिंक हो, के माध्यम से भी पंजीकरण करा सकते हैं।

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने बताया कि गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों के परिवारों को आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत स्वास्थ्य कवरेज का लाभ दिया जाएगा। जोमैटो, ओला, उबर, स्विगी तथा अमेजन, फ्लिपकार्ट आदि कंपनी में डिलीवरी करने वाले कर्मचारी इस योजना के दायरे में आते हैं। लेबर विभाग के असिस्टेंट लेबर कमिश्नर पवन शर्मा ने बताया कि पंजीकरण पूरा करने और यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन) बनाने के लिए वर्कर्स को मोबाइल नंबर, आधार, पैन व एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म या कंपनी का नाम बताना होगा।

## पिज्जा कैफे पर छापामारी युवाओं को चेतावनी देकर छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

■ कैफे में अनैतिक गतिविधियों की रोकथाम के लिए कड़ी कार्रवाई के दिए निर्देश

शहरी क्षेत्र में बने पिज्जा-कैफे में एसपी के दिशा-निर्देशानुसार महेंद्रगढ़ पुलिस ने छापा मारा। इस दौरान मौके पर काबू किए गए युवक-युवतियों के अभिभावकों को इसकी सूचना दी गई और युवक-युवतियों को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। इस दौरान पुलिस ने पिज्जा-कैफे संचालकों से पूछताछ की और वहीं कैफे में बनाए गए अलग-अलग केबिन हटवाए गए और वहां पर लगाए गए पर्दे हटवाए गए। उपपुलिस अधीक्षक ने शहर के होटल एवं कैफे संचालकों को चेतावनी दी है कि किसी भी अनैतिक कार्य को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस को सूचना मिली थी कि शहर क्षेत्र में बने हुए कुछ एक कैफे पर केबिन/पर्दे लगाए हुए हैं। उसी के चलते उपपुलिस अधीक्षक ने महिला थाना और दुर्गा शक्ति नारनौल की पुलिस टीम को तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिनके तहत पुलिस ने कुछ पिज्जा-कैफे में लगाए गए पर्दों को हटवाया गया और कैफे में बनाए गए केबिन को हटवाया गया। इस दौरान पिज्जा-कैफे संचालकों को सख्त निर्देश दिए गए।

उपपुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि कैफे में अनैतिक गतिविधियों की रोकथाम के लिए कड़ी कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही मनचलों पर भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हुए हैं। महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस द्वारा अहम कदम उठाए जा रहे है।

### उपायुक्त ने ली अधिकारिता बोर्ड की मासिक बैठक

# अब हर माह अपनी 3 उपलब्धियां बताएंगे विभाग

■ सीएम विंडो, सीपीग्राम, एसएमजीटी तथा समाधान शिविर की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने कहा कि अब प्रत्येक माह होने वाली अधिकारियों की बैठक में प्रमुख विभाग अपनी मुख्य तीन उपलब्धियां बताएंगे। इसके लिए बाकायदा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन तैयार करके लाएं। डीसी शुक्रवार लघु सचिवालय में अधिकारिकता बोर्ड की मासिक बैठक में बोल रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि उपलब्धियां के साथ-साथ यह भी देखा जाएगा की संबंधित प्रोजेक्ट, योजना तथा कार्यक्रम में जिला महेंद्रगढ़ प्रदेश में कौन से स्थान पर है। अन्य जिलों से उसे कार्य की तुलना भी की जाएगी।

इसके अलावा उपायुक्त ने इस मौके पर सीएम विंडो, सीपीग्राम, एसएमजीटी तथा समाधान शिविर के संबंध में भी समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों की समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किया जाए। मुख्यमंत्री का इस विषय पर विशेष फोकस रहता है।




नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेते डीसी डॉ. विवेक भारती। फोटो : हरिभूमि

***हीट वेव को देखते हुए ऐतिहात बरतें नागरिकः*** गर्मी के मौसम को देखते हुए सभी विभाग आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा के दिशा निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करें। मनुष्य तथा अन्य जीवों को पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। डीसी ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अपने कार्यालय में पर्याप्त मात्रा में पेयजल सुविधा उपलब्ध करवाए ताकि आमजन को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो। इसके अलावा उन्होंने निर्देश दिए कि हीट वेव को देखते हुए विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ लगवाई जाए। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पशुओं को हीट वेव से बचने के लिए जरूरी है कि सभी जोहड़ों में पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध हो। उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम को देखते हुए ओआरएस की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध होनी चाहिए। इसके अलावा उन्होंने निर्देश दिए की चिकित्सक बार-बार नागरिकों को गर्मी से बचाव के बारे में जागरूक करते रहें। उपायुक्त इतनी बिजली विभाग को निर्देश दिए कि घोषित पावर कट नहीं लगने चाहिए । ग्राम स्तर तक निर्धारित शेड्यूल के अनुसार बिजली सप्लाई सुनिश्चित की जाए। डीसी ने आम नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपने आसपास पेड़ों पर पक्षियों के लिए पानी के स्कोरे रखें ताकि पक्षियों को गर्मी में परेशानी ना हो।


घरेलू मक्खी से करीब 30 बीमारियां हो सकती है।


घोड़ा अपने वजन से पांच गुना अधिक बोझ खींच सकता है।



# लड़कियां आईटीआई में कर सकती हैं कुछ स्पेशल कोर्स



नालेज

यंगभूमि डेस्क

लड़का हो चाहे लड़की, पढ़ाई में अब भेदभाव नहीं रहा है। आज के समय में हर कोई व्यक्ति अपने बच्चों को साक्ष्य बनाना चाहता है यानी कि बच्चों को अच्छा पढ़ाना चाहता है। लड़कियों के लिए विशेष तौर पर कई प्रकार के अलग-अलग डिग्री व डिप्लोमा मौजूद होते हैं। लड़का और लड़की समान रूप से शिक्षा हासिल कर रहे हैं। लड़कियां कुछ ऐसे कोर्स कंप्लीट करके अपने करियर को आगे बढ़ा सकती हैं। करियर बनाने के लिए आईटीआई कोर्स लड़कों और लड़कियों के लिए उचित अवसर माना जाता है आईटीआई कोर्स में लड़कियों के लिए कुछ स्पेशल कोर्स जैसे हेयर डिजाइनिंग कोर्स इत्यादि मौजूद होते हैं।

## लड़कों से कम नहीं लड़कियां

आज के समय में ऐसा माना जाता है कि लड़कियां लड़कों से कम नहीं है ऐसे में लड़कियों के लिए भी अलग से आईटीआई कोर्स उपलब्ध करवाए गए हालांकि इन कोर्सों को लड़के भी कर सकते हैं। लेकिन विशेष तौर से इन कोर्स को लड़कियों के लिए उपलब्ध करवाया गया है। जिसमें से लड़कियां किसी भी एक और को चुनकर अपने करियर को सकते हैं और अपने फ्यूचर में खुद को काबिल बना सकते हैं।

### हेयर एंड स्किन केयर का कोर्स

हेयर एंड स्किन केयर का आईटीआई कोर्स जो विशेष तौर से लड़कियों के लिए उपलब्ध करवाया गया है इस कोर्स के नाम से ही पता चलता है कि इस कोर्स में लड़कियों की रुचि सबसे ज्यादा होती है। आईटीआई के इस कोर्स के माध्यम से सुंदरता और देखभाल संबंधित महत्वपूर्ण चीजें सिखाई जाती है। मुख्य तौर पर लड़कियां इस प्रकार के कोर्स को करने में अपनी अधिक रुचि दिखाती है और लड़कियों के लिए ही विशेष तौर से यह कोष उपलब्ध करवाया गया है। इस कोर्स को करने के पश्चात लड़कियां ब्यूटी पार्लर में नौकरी कर सकती है और खुद का ब्यूटी पार्लर भी खोल सकते हैं और अपने करियर को एक जगह पर स्टेबल करने में उन्हें मदद मिलती है।

## कढ़ाई एवं सिलाई

लड़कियों के लिए दूसरा सबसे बेहतरीन आईटीआई कोर्स कटाई व सिलाई आईटीआई कोर्स है। इस कोर्स के अंतर्गत सिलाई के विशेष प्रकार के कार्य लड़कियों को सिखाए जाते हैं और साथ ही साथ कढ़ाई के काम भी सिखाए जाते हैं। आज के समय में कटाई और सिलाई की लोकप्रियता तथा डिमांड दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। ऐसे में यह आईटीआई कोर्स करके आप किसी भी बड़ी सिलाई या कढ़ाई की फैक्ट्री में मशीन ऑपरेटिंग का काम कर सकते हैं या फिर अपना खुद का सिलाई व कढ़ाई का काम शुरू कर सकते हैं।

### स्टाइल और फैशन के कोर्स

आईटीआई के बहुत सारे कोर्स है। जिसमें स्टाइल और फैशन के कोर्स भी मौजूद है। आईटीआई के फैशन डिजाइनिंग का कोर्स विशेष तौर से लड़कियों के लिए उपलब्ध होता है। इसको उसको करने के पश्चात लड़कियां फैशन डिजाइनिंग के क्षेत्र में अपने भविष्य को आगे बढ़ा सकती है। फैशन डिजाइनिंग का आईटीआई कोर्स करने के पश्चात लड़कियां खुद का ब्यूटी पार्लर खोलने के साथ-साथ कई तरह से फैशन डिजाइनर के तौर पर भी नौकरी हासिल कर सकती है। फैशन डिजाइनिंग आईटीआई कोर्स करने के पश्चात हर लड़की का भविष्य सिक्योर माना जाता है। क्योंकि आज के समय में फैशन डिजाइनर की डिमांड बहुत ही अधिक है।

## ये कोर्स करियर बनाने में सहायक

### स्टेनोग्राफर

आईटीआई में सबसे लोकप्रिय कोर्स स्टेनोग्राफर का कोर्स माना जाता है। इस स्टेनोग्राफर आईटीआई कोर्स करने के पश्चात सरकारी व निजी क्षेत्र में नौकरी उपलब्ध होने के चांस बहुत अधिक बढ़ जाते हैं। स्टेनोग्राफर का कोर्स करने के पश्चात किसी भी पद पर नौकरी हासिल करने के चांस बढ़ जाते हैं। सरकारी विभाग में कई स्टेनोग्राफर के पद पर भर्ती निकाली जाती है। ऐसे में आप यदि आईटीआई कोर्स कर चुके हैं। तो आपको प्रायोरिटी के साथ स्टेनोग्राफर पद पर शामिल होने का मौका मिलेगा स्टेनोग्राफर आईटीआई कोर्स है। जिसे लड़के व लड़कियां दोनों करते हैं। लेकिन लड़कियों के लिए यह एक बेहतरीन सुनहरा अवसर माना जाता है। स्टेनोग्राफर का कोर्स करने के पश्चात आप अपने टाइपिंग स्पीड को बढ़ा सकते हैं और कंप्यूटर टाइपिंग स्पीड अच्छी होने पर हर जगह आप की डिमांड बढ़ जाएगी आज के समय में पूरी दुनिया कंप्यूटर पर ही आधारित है और हिंदी व अंग्रेजी टाइपिंग स्पीड अच्छी है। तो आपको सरकारी जॉब के साथ-साथ निजी क्षेत्रों में भी जॉब के अच्छे अवसर मिलने शुरू हो जाएंगे।

### इंटीरियर डेकोरेशन और डिजाइनिंग

आईटीआई का एक कोर्स जिसे मुख्य तौर पर लड़कियां अधिकतर चयन करती है। इस कोर्स के माध्यम से इंटीरियर डेकोरेशन और डिजाइनिंग के बारे में विशेष ज्ञान अर्जित करने का मौका मिलता है। लड़कियां इंटीरियर डिजाइन और इंटीरियर डेकोरेशन का काम कर अपने भविष्य के लिए रोजगार के कई सारे अवसर उपलब्ध खुद ही करवा सकते हैं। यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां पर दिन प्रतिदिन डिमांड बढ़ती जा रही है और हर जगह बिजनेस हो या घर आंतरिक सजावट और डिजाइनिंग के लिए इंटीरियर डिजाइनर को बुलाया जाता है। ऐसे में यदि आपके पास इंटीरियर डेकोरेशन की कला है और आपने आईटीआई कोर्स कर रखा है। तो आपके लिए जॉब के बेहतरीन अवसर आपके सामने उपलब्ध होंगे।

### हाउसकीपिंग

घर की देखभाल करने के लिए लड़कियां ऐसे भी माहिर होती है। लेकिन यदि हाउसकीपिंग जैसे आईटीआई कोर्स से लड़कियां ज्ञान अर्जित कर लेती है। तो उसके पश्चात घर की देखभाल में उन्हें और भी अधिक सहूलियत हो जाती है। सीधी भाषा में इसका मतलब यह हुआ कि घर की देखभाल करने के लिए जो आईटीआई कोर्स मौजूद है उसे हाउसकीपिंग आईटीआई कोर्स कहा जाता है। आईटीआई कोर्स के माध्यम से लड़कियां भविष्य में प्राइवेट सेक्टर में तो नौकरी हासिल कर सकती है। हाउसकीपिंग आईटीआई कोर्स करने के पश्चात आपको कहीं भी हाउस कीपर के तौर पर नौकरी मिल जाती है और इसकी सैलरी भी अच्छी मिलती है।

---

## नवयुवकों के लिए एक बेहतरीन करियर विकल्प बनकर उभरा

# तकनीक के क्षेत्र में रुचि है तो बनें एथिकल हैकर इंटरनेट को सुरक्षित बनाने में निभाएं अहम भूमिका

डॉ. मोहित बंसल
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर

## डिजिटल सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता



यदि आप तकनीक के क्षेत्र में रुचि रखते हैं और इंटरनेट की दुनिया को सुरक्षित बनाने की चाह रखते हैं, तो एथिकल हैकर बनना एक उत्कृष्ट करियर विकल्प हो सकता है। एथिकल हैकिंग वह विधा है, जिसमें आप कम्प्यूटर प्रणाली की कमजोरियों को खोजकर उन्हें सुरक्षित करने का कार्य करते हैं। यह पेशा आधुनिक युग में बेहद आवश्यक होता जा रहा है, क्योंकि डिजिटल सुरक्षा अब किसी भी देश, संस्था या व्यक्ति के लिए सबसे बड़ी प्राथमिकता बन गई है। एथिकल हैकर को 'वाइट हैट हैकर' भी कहा जाता है, जो संगठनों की अनुमति से उनकी वेबसाइट, नेटवर्क और सॉफ़्टवेयर में संभावित खामियों को खोजता है। उनका उद्देश्य इन खामियों का दुरुपयोग नहीं, बल्कि उन्हें ठीक कराना होता है, ताकि कोई दुर्भावनापूर्ण हैकर (ब्लैक हैकर) इनका फ़ायदा न उठा सके। वे परीक्षण के माध्यम से साइबर प्रणाली को सुदृढ़ बनाते हैं और डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं।






### प्रमुख शैक्षणिक संस्थान और पाठ्यक्रम

#### सरकारी संस्थान

1. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), कानपुर
   पाठ्यक्रम: साइबर सुरक्षा में स्नातकोत्तर डिप्लोमा
2. राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), तिरुचिरापल्ली
   पाठ्यक्रम: सूचना सुरक्षा में बी.टेक/एम.टेक
3. भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी), हैदराबाद
   पाठ्यक्रम: साइबर सिस्टम और नेटवर्किंग
4. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू)
   पाठ्यक्रम: सूचना सुरक्षा में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम

#### निजी संस्थान

1. वेबसेक लैब्स, बेंगलुरु
   पाठ्यक्रम: एथिकल हैकिंग और पेनिट्रेशन टेस्टिंग
2. अपग्रेड (ऑनलाइन प्लेटफॉर्म)
   पाठ्यक्रम: साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ कार्यक्रम
3. एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा
   पाठ्यक्रम: बी.टेक इन साइबर लॉ एंड सिक्योरिटी
4. एरेना मल्टीमीडिया
   पाठ्यक्रम: नेटवर्क सुरक्षा और नैतिक हैकिंग में डिप्लोमा

#### वेतन प्रारंभिक स्तर

25,000 – 60,000 प्रति माह
वार्षिक: 3,00,000 – 7,20,000
मध्यम अनुभव (3–5 वर्ष):
80,000 – 1,50,000 प्रति माह
वार्षिक: 9,60,000 – 18,00,000

#### वरिष्ठ स्तर

20 लाख – 40 लाख प्रति वर्ष
1,66,667 – 3,33,333 प्रति माह (लगभग)

#### स्वतंत्र सलाहकार

प्रति प्रोजेक्ट: 50,000 – 5,00,000
-यदि 12 प्रोजेक्ट साल में करें तो 6,00,000 – 60,00,000 वार्षिक (अनुमानित)

### आवश्यक कौशल

- एक एथिकल हैकर को केवल तकनीकी ज्ञान ही नहीं, बल्कि तेज विश्लेषणात्मक सोच भी होनी चाहिए।
- उन्हें नेटवर्क सुरक्षा, एनक्रिप्शन, वायरस डिटेक्शन जैसे पहलुओं की गहरी समझ होनी चाहिए। संवाद
- कौशल और नैतिक जिम्मेदारी इस क्षेत्र में विशेष महत्त्व रखते हैं। उन्हें यह भी जानना होता है कि एक
- हमलावर कैसे सोच सकता है। तभी वे सिस्टम को उस स्तर पर सुरक्षित कर पाते हैं। लगातार अपडेट
- रहना और नई तकनीकों को सीखना इस पेशे में जरूरी है।

नेटवर्क सुरक्षा और फ़ायरवॉल की समझ
पेनिट्रेशन टेस्टिंग तकनीकें
मैलवेयर विश्लेषण और वायरस डिटेक्शन
प्रणाली और डेटा एनक्रिप्शन
रिपोर्ट लेखन और जोखिम मूल्यांकन

### प्रमुख कार्य क्षेत्र

-**बैंकिंग और वित्तीय संस्थाएं** : ग्राहकों की जानकारी की सुरक्षा
-**सरकारी एजेंसियां** : राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी सूचना संरचना की रक्षा
-**आईटी कंपनियां** : सॉफ़्टवेयर और ऐप की सुरक्षा जांच
-**ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म** : ऑनलाइन भुगतान प्रणाली की निगरानी
-**स्वास्थ्य सेवाएं** : रोगियों के डिजिटल रिकॉर्ड की रक्षा
-**शैक्षणिक संस्थान** : छात्र डेटा और पोर्टल सुरक्षा

### शिक्षा और योग्यता

एथिकल हैकिंग में करियर बनाने के लिए तकनीकी पृष्ठभूमि बहुत ज़रूरी होती है। इसमें कंप्यूटर नेटवर्क, ऑपरेटिंग सिस्टम और प्रोग्रामिंग की समझ होना आवश्यक है। इसके अलावा, साइबर सुरक्षा से जुड़े विषयों की पढ़ाई भी आवश्यक है। छात्र बी.टेक, एम.टेक या डिप्लोमा जैसे पाठ्यक्रमों के माध्यम से इस क्षेत्र में प्रवेश कर सकते हैं। साथ ही, कुछ ऑनलाइन प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम भी उपलब्ध हैं। बहु-विषयक समझ और व्यावहारिक अनुभव इस क्षेत्र में सफलता की कुंजी हैं।

**-कंप्यूटर नेटवर्क और ऑपरेटिंग सिस्टम**
**- साइबर सुरक्षा और नैतिक हैकिंग**
**- क्रिप्टोग्राफी और सूचना सुरक्षा**
**- प्रोग्रामिंग भाषाएँ (जैसे: पायथन, सी, जावा)**
**- डेटा संरचना और एल्गोरिदम**

### रोज़गार के अवसर

एथिकल हैकर के लिए नौकरी के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। सरकारी विभागों से लेकर निजी कंपनियाँ इनकी सेवाएं लेती हैं। रक्षा, बैंकिंग, आईटी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे कई क्षेत्रों में इनकी मांग बढ़ रही है। आज की दुनिया में डेटा सबसे बड़ा संसाधन बन चुका है। इसकी सुरक्षा एथिकल हैकर की प्राथमिक जिम्मेदारी होती है। वे स्वतंत्र सलाहकार, स्टार्टअप संस्थापक या फुल टाइम प्रोफेशनल के रूप में काम कर सकते हैं।

- रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ)
- भारतीय साइबर सुरक्षा एजेंसी (सीईआरटी-इन)
- बैंकों और बीमा कंपनियाँ
- आईटी कंपनियाँ – टीसीएस, इंफोसिस, विप्रो
- विदेशी फर्म – गूगल इंडिया, अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट
- स्टार्टअप और फ्रीलांसिंग प्रोजेक्ट्स

### वेतन और संभावनाएं

एथिकल हैकर के लिए नौकरी के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। सरकारी विभागों से लेकर निजी कंपनियाँ इनकी सेवाएं लेती हैं। रक्षा, बैंकिंग, आईटी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे कई क्षेत्रों में इनकी मांग बढ़ रही है। आज की दुनिया में डेटा सबसे बड़ा संसाधन बन चुका है। इसकी सुरक्षा एथिकल हैकर की प्राथमिक जिम्मेदारी होती है। वे स्वतंत्र सलाहकार, स्टार्टअप संस्थापक या फुल टाइम प्रोफेशनल के रूप में काम कर सकते हैं।

### करियर सलाहकार से लें सलाह

एथिकल हैकिंग एक ऐसा क्षेत्र है जो न केवल तकनीकी विशेषज्ञता, बल्कि ईमानदारी और जिम्मेदारी की भी मांग करता है। यदि आप डिजिटल दुनिया को सुरक्षित बनाने की दिशा में योगदान देना चाहते हैं, तो यह करियर न केवल चुनौतीपूर्ण बल्कि बेहद सम्मानजनक भी हो सकता है। किसी भी करियर का चुनाव करने से पहले किसी योग्य करियर सलाहकार से सलाह जरूर लें। अधिक जानकारी के लिए आप **www.careerjaano.com**पर भी विजिट कर सकते हैं।

---

# धैर्य और संयम अनमोल गुण, ये शैक्षिक और व्यक्तिगत विकास में करते मदद



मोटिवेशनल
डॉ. दिव्या तंवर

युद्ध के मैदान में सैनिकों को अक्सर ऐसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है, जहां धैर्य और संयम ही उनकी सबसे बड़ी ताकत बनते हैं। लंबी प्रतीक्षा, संसाधनों की कमी, अनिश्चितता, और कठिन मौसम जैसी चुनौतियां सैनिकों से धैर्यपूर्ण और संयमित रहने की मांग करती हैं। इसी तरह, छात्रों के जीवन में भी धैर्य और संयम अनमोल गुण हैं, जो उन्हें शैक्षिक और व्यक्तिगत विकास में मदद करते हैं। पढ़ाई के दौरान जटिल विषयों को समझने, लंबे समय तक लगातार मेहनत करने, या परीक्षा में अच्छे अंक न आने पर हार न मानने के लिए धैर्य की आवश्यकता होती है। युद्ध की ऐतिहासिक कहानियां, जैसे प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध, हमें सिखाती हैं कि जल्दबाजी में लिए गए फैसले अक्सर विनाशकारी साबित होते हैं, जबकि संयम के साथ सही समय पर उठाए गए कदम जीत की ओर ले जाते हैं।

## धैर्यपूर्वक अवसर का इंतजार करना रणनीति का मूल

उदाहरण के लिए, सन त्जु की पुस्तक 'द आर्ट ऑफ वॉर' में बताया गया है कि धैर्यपूर्वक सही अवसर का इंतजार करना रणनीति का मूल आधार है। छात्रों को भी इस सिद्धांत को अपनाना चाहिए। जब वे किसी कठिन अध्याय को समझने में समय लेते हैं या असफलता के बाद दोबारा प्रयास करते हैं, तो धैर्य उन्हें निराशा से बचाता है और आत्मविश्वास प्रदान करता है। इसके अलावा, संयमित व्यवहार उन्हें तनावपूर्ण परिस्थितियों में शांत रहने और सोच-समझकर निर्णय लेने की क्षमता देता है। उदाहरण के तौर पर, यदि कोई छात्र परीक्षा की तैयारी में पिछड़ रहा है, तो संयम के साथ समय प्रबंधन और लगातार छोटे-छोटे प्रयास उसे सफलता की ओर ले जा सकते हैं। युद्ध के सबक हमें यह भी सिखाते हैं कि धैर्य और संयम न केवल व्यक्तिगत लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करते हैं, बल्कि दूसरों के साथ बेहतर संबंध बनाने में भी सहायक हैं। स्कूल में सहपाठियों के साथ छोटे-मोटे विवादों को सुलझाने या शिक्षकों की सलाह को ध्यान से सुनने में संयम का उपयोग करना छात्रों को एक जिम्मेदार और परिपक्व व्यक्तित्व प्रदान करता है। इस प्रकार, धैर्य और संयम को अपनाकर छात्र न केवल अपनी शैक्षिक यात्रा में सफलता प्राप्त कर सकते हैं, बल्कि जीवन की हर चुनौती को आत्मविश्वास और शांति के साथ पार कर सकते हैं। युद्ध से मिला यह सबक हमें याद दिलाता है कि कठिनाइयों में धैर्य बनाए रखना और संयमित दृष्टिकोण अपनाना ही सच्ची जीत का मार्ग है।

### योजना बनाना जरूरी

**रणनीति और नियोजन की कला** : युद्ध में सफलता के लिए सटीक रणनीति और नियोजन जरूरी है। प्राचीन ग्रंथ 'द आर्ट ऑफ वॉर' में सन त्जु ने बताया कि किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पहले उसकी योजना बनानी चाहिए।

**धैर्य और संयम** : युद्ध में सैनिकों को कठिन परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखना पड़ता है। यह गुण छात्रों के लिए भी महत्वपूर्ण है। परीक्षा की तैयारी, असफलता या मुश्किल समय में धैर्य और संयम से काम लेना उन्हें मजबूत बनाता है।

**साहस और दृढ़ता** : युद्ध में सैनिक असंभव लगने वाली परिस्थितियों में भी हार नहीं मानते। छात्रों को भी अपने जीवन में साहस दिखाना चाहिए। चाहे वह नई चीजें सीखना हो, असफलता से उबरना हो या चुनौतियों का सामना करना हो, दृढ़ता और साहस उन्हें आगे बढ़ने में मदद करते हैं।

**टीमवर्क और नेतृत्व** : युद्ध में कोई भी सेना अकेले नहीं लड़ती; यह सामूहिक प्रयास का परिणाम होता है। छात्रों को भी समूह में काम करने का महत्व समझना चाहिए। स्कूल प्रोजेक्ट्स, खेल या अन्य गतिविधियों में एकजुट होकर काम करने से न केवल सफलता मिलती है, बल्कि नेतृत्व के गुण भी विकसित होते हैं। युद्ध के उदाहरणों से सीखें कि एक अच्छा नेता कैसे अपनी टीम को प्रेरित करता है।

### सामान्य ज्ञान

**1.** गोबर पर उगने वाले कवक कहलाते हैं
(ए) साक्सीकोलस
(बी) टेरीकोल्स
(सी) कोर्टीकोल्स
(डी) कोप्रोफिलस

**2.** निम्न में से किसमें क्लोरोफिल नहीं होता है ?
(ए) शैवाल
(बी) ब्रायोफाईटस
(सी) टैरोडोफाईटस
(डी) कवक

**3.** आलू का लेट ब्लाईट उत्पन्न होता है -
(ए) एल्बयूगो कैंडीडा द्वारा
(बी) फ्यूजेरियम मोनिलीफार्म द्वारा
(सी) फाइटोप्थोरा इन्फेस्टेंस द्वारा
(डी) आल्टनेरिया सोलेनाई द्वारा

**4.** डबल रोटी के निर्माण में काम आने वाला कवक है -
(ए) राईजोफस स्टोलनिफर
(बी) जाइगो सैकरोमाइसीज
(सी) सैकरोमाईसीज सेरेवीसी
(डी) सैकरोमाईकोडिस

**5.** पेनीसीलीयम क्या है ?
(ए) विषाणु
(बी) शैवाल
(सी) कवक
(डी) जीवाणु

**6.** पेनिसिलिन की खोज किसने की थी ?
(ए) चार्ल्स गुडईयर
(बी) माइकल फैराडे
(सी) एलेक्जेंडर फ्लेमिंग
(डी) विलियम हार्वे

**7.** अर्गोट (**Ergot**) प्राप्त होता है।
(ए) राईजोबियम से
(बी) क्लेवीसेप्स से
(सी) फाइटोमोनौस से
(डी) एलब्युगो से

**8.** औद्योगिक स्तर पर पेनिसिलिन प्राप्त किससे किया जाता है ?
(ए) पेनिसिलियम एक्सपेन्स्म से
(बी) पेनिसीलियम क्राईसोजेनम से
(सी) पेनीसीलीयम नोटेटम से
(डी) पेनीसीलियम क्लेवीफॉर्म से

**9.** यीस्ट में कायिक जनन होता है -
(ए) मुकुलन द्वारा
(बी) एकाईनिटस द्वारा
(सी) एप्लाजोस्पोर्स द्वारा
(डी) एस्कोस्पोर्स द्वारा

उत्तर 1.(डी) 2.(डी) 3.(सी) 4.(सी) 5.(सी) 6.(सी) 7.(बी) 8.(बी) 9.(ए)

## खबर संक्षेप



### गैलेक्सी विद्यालय का परीक्षा परिणाम शानदार

**महेंद्रगढ़।** गैलेक्सी स्कूल बवानिया के बच्चों ने अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में पूरे जिले में परचम लहराया। प्राचार्य करन सिंह ने बताया कि अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा का आयोजन पांच अप्रैल को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के द्वारा किया गया। परीक्षा सैनिक स्कूलों में कक्षा छठी और नौवीं में प्रवेश के लिए आयोजित होती है। प्राचार्य करन सिंह ने बताया कि कुल 13 में से 10 बच्चों ने क्वालीफाई किया है, जिनके रक्षित पुत्र विनोद कुमार मेघनवास, हार्दिक पुत्र इंद्रजीत बवानिया, यजत पुत्र मनोज चितलांग, देव पुत्र विक्रम तंवर चितलांग, दिव्या पुत्री सुनील बचीनी, आस्था पुत्री सुजीत गागडवास, यशिका पुत्री रुपनेश खेड़ा, दीया पुत्री संजय भोजावास, दीक्षित पुत्र विक्रम बवानिया, भविष्य पुत्र करन सिंह बवानिया ने परीक्षा उत्तीर्ण हैं। एमडी दरियाव सिंह ने सभी बच्चों को बधाई दी।



### एचपीएस के 9 विद्यार्थियों ने मारी बाजी, दी बधाई

**नारनौल।** एनटीए द्वारा हाल ही में घोषित ऑल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा के परिणाम में शानदार प्रदर्शन करते हुए नांगल चौधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अपना परचम लहराया। विद्यालय के नौ विद्यार्थियों ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में बाजी मारी। विद्यालय डीन मनोज भारद्वाज व प्राचार्य सुनील यादव ने बताया कि एनटीए द्वारा आयोजित अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में विद्यालय के अध्ध्यनरत नौ विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की। उन्होंने बताया कि विद्यालय के छात्र रजत पुत्र राजेश सैनी, तमन्ना पुत्री सुशील कुमार, पलक पुत्री सुरेन्द्र, प्रसन्न पुत्र संदीप कुमार, सिद्वांत भारद्वाज पुत्र गौत्तम कुमार, रिहान पुत्र नवीन कुमार, आंचल शर्मा पुत्री योगेश कुमार, गिरिका पुत्री सन्नी यादव व आरव पुत्र गौरव चौबे ने प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

### शहरी आजीविका मिशन की महिला समूह चला रही मुहिम

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 300 पौधे लगाने का लक्ष्य

■ एसडीओ अजय यादव ने दी विस्तार से जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

शहर को हरा भरा बनाने के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व शहरी आजीविका मिशन के तहत एक अनूठी योजना पर कार्य किया जा रहा है। जानकारी देते हुए एसडीओ अजय यादव ने कहा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लगाया जा रहा है। जिसमें शहर में एक बड़े पौधारोपण अभियान की शुरुआत की जाएगी यह पहल न केवल शहर को सुंदर और हरा भरा बनाएगी बल्कि इससे प्रदूषण में कमी तापमान नियंत्रण और जैव विविधता को भी बढ़ावा मिलेगा साथ ही साथ जल संचय को भी बढ़ावा मिलेगा साथ ही शहरी ऊष्मा द्वीप प्रभाव जैसी समस्याओं से भी राहत मिलने की उम्मीद है।

**तीन जगहों पर लगेंगे पौधे :** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग वासो के जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने बताया कि भारत सरकार के आवास और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा शुरू की गई इस पहल के तहत अमृत 2.0 मिशन के अंतर्गत पौधारोपण किया जाएगा । इसके लिए महेन्द्रगढ़ जिले में अटेली शहर के बूस्टर नं. 1 व वाटर ट्रीटमैंट प्लांट फतेहपुर की विजिट की गई। इसके अलावा कनीना शहर के भी वाटर ट्रीटमैंट प्लांट की विजिट की गई। इन तीनों जगहों पर लगभग 300 पौधे लगाने की योजना है।



**नारनौल।** वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की निरीक्षण करते हुए।

#### पौधे से पेड़ बनने तक होगी देखभाल

शहर की महिला जो शहरी आजीविका मिशन से जुड़ी है उनके द्वारा आने वाले विश्व पर्यावरण दिवस से पौधारोपण किया जाएगा और उसकी देखभाल भी की जाएगी जब तक पौधा बड़ा नहीं हो जाता तब तक इन्हीं महिलाओं के माध्यम से उसकी देखभाल की जाएगी। यह सारी प्रक्रिया 1 से 2 वर्ष तक की जाएगी महिलाओं को वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का दौरा कराकर उनसे इस विषय में सुझाव लिए वह महिलाओं के द्वारा बताया गया कि फतेहपुर पर पौधारोपण उपयुक्त है लेकिन शहर से दूर होने व आने जाने में असुविधा होगी। इसके अलावा बूस्टर अटैली व कनीना के वाटर ट्रीटमैंट प्लांट की जगह पौधारोपण के लिए उपयुक्त जगह है तथा उन्हें आने-जाने में कोई परेशानी नहीं होगी। पौधारोपण के साथ-साथ उन्हें जल संचय के विषय में भी विस्तार से जानकारी दी और बताया गया पारिस्थितिक तंत्र के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी है जिससे जल संचय के साथ-साथ जैव विविधता तापमान वृद्धि संबंधी समस्याएं भी दूर होती है ।

#### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग अटेली के जेई दीपक कुमार, कनीना उपमंडल से जेई तेगबहादूर, आजीविका मिशन से एसएमआईडी अन्नू भारद्वाज, बीआरसी विक्रम सिंह, बीआरसी मोहित कुमार, बीआरसी धर्मेन्द्र, बाबा राधे व द क्राफ्ट हाउस ग्रुप की महिलाएं शामिल थी। मौके पर महिलाओं को जलपान कराया गया व साथ ही भेंट स्वरूप विभाग के द्वारा पर्यावरण अनुकूल बैग, पानी की बोतल, पेन व नोटबुक प्रदान की गई व सभी महिलाओं का परिवहन शुल्क विभाग के द्वारा वहन किया गया।

**क्या कहते हैं जेई:** जेई तेगबहादूर ने कहा कि पौधारोपण के लिए स्थान चयन इस प्रकार किया गया है, जहां पानी की उपलब्धता हो। इसके अलावा उन्हें जल संरक्षण संबंधी टिप्स भी दिए गए।

# बीआर ज्ञानदीप विद्यालय के विद्यार्थियों ने फहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** विजय चिहन बनाकर खुशी जाहिर करते हुए। फोटो: हरिभूमि

बीआर ज्ञानदीप विद्यालय सुरजनवास के विद्यार्थियों ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर एक नई उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय के 16 मेधावी छात्रों ने इस परीक्षा में सफलता प्राप्त की हैं। विद्यार्थी हिमांशु तंवर, भारती, काव्या, मनीष, नवीन, नितिन, समीर, निधी, छवि तंवर, दीपांशु, प्रिंस, अश्विन, चैतन्य, आभा और जतिन शामिल हैं। इन सभी छात्रों ने कठिन परिश्रम के बल पर यह मुकाम हासिल की है। विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्य रामवीर यादव ने विद्यार्थियों की उपलब्धि की सराहना की और उन्हें भविष्य के लिए प्रेरित किया। चेयरमैन रूपराम यादव ने विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए कहा कि इन बच्चों की सफलता पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। यह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेंगें। समारोह में विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति कविताएं, सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति दी। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि सैनिक स्कूल जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विद्यालय में विशेष प्रशिक्षण कक्षाएं, मॉक टेस्ट, और मार्गदर्शन सत्र नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं।

### अटेली के गांवों में निकाली न्याय यात्रा, ग्रामीणों को किया जागरूक



**नारनौल।** न्याय यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए बसपा नेता अतरलाल।

**नारनौल।** बहुजन समाज पार्टी के नेता समाजसेवी अतरलाल की अटेली न्याय यात्रा शुक्रवार को सुन्दरह, झिंगावन, बेवल तथा दौंगड़ा जाट में पहुंची। यहाँ अतरलाल ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और सरकार तथा प्रशासन से उनका समाधान करवाने का भरोसा दिया। इस दौरान अतरलाल ने राज्य सरकार तथा जिला प्रशासन से गांवो के प्राकृतिक जोहड़ों तथा नए खोदे गए अमृत तालाबों को तत्काल नहरी पानी से भरने की मांग की। उन्होंने कहा कि गांवों के प्राकृतिक कदीमी जोहड़, जोहड़ी तथा नए खोदे गए अमृत तालाब सूखे पड़े हैं। जिसके कारण पशु-पक्षियों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है और भू-जल स्तर नीचे जा रहा है। उन्होंने सरकार तथा जिला प्रशासन से तत्काल विशेषअभियान चलाकर सभी जोहड़ों, अमृत तालाबों को नहरी पानी से तत्काल भरने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि एक सप्ताह के अंदर जोहड़ों को नहरी पानी से नहीं भरा गया तो बहुजन समाज पार्टी आंदोलन करने पर मजबूर होगी। अतरलाल ने कहा कि उनके लिए अटेली हलका के हित सर्वोपरी हैं। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिया कि उनकी मांगों के लिए वे संघर्ष करेंगे और सरकार से उनकी मांगों को पूरा करवाएंगे। इस मौके पर हव.हरद्वारीलाल, अमरचंद शर्मा, राजपाल, बलबीर, अजीत सिंह, सुभाष, पूर्व सरपंच भागमल, मुख्त्यार सिंह, धर्मेन्द्र, कपूर सिंह, रघबीर, विजय, दानसिंह प्रजापत, कैलाश सेठ, भागसिंह चेयरमैन, कैप्टन महेन्द्रसिंह, खजान सिंह, सतपाल, मनफूल, हीरा सिंह, राहुल, राजेन्द्र, रमेश, विनोद कुमार, जितेन्द्र कुमार, रिसाल सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सैनिक स्कूल के चयन के लिए इंडस वैली के 9 छात्र उत्तीर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



नेशनल टैस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित हो गया हैं। जिसमें इंडस वैली पब्लिक स्कूल दौंगड़ा अहीर का परिणाम सराहनीय रहा। प्राचार्य जयवीर सिंह यादव ने बताया कि सैनिक स्कूल के लिए इस परीक्षा में इंडस वैली पब्लिक स्कूल दौंगड़ा अहीर के 10 बच्चों ने परीक्षा दी थी, जिसमें नौ बच्चों ने उत्तीर्ण होकर बाजी मारी है। छात्र दक्ष पुत्र महेश कुमार गुवानी, सोहेल पुत्र सुरेंद्र कुमार मुंडिया खेड़ा, यश पुत्र सुरेंद्र सिंह नानगवास, यश सोनी पुत्र जयसिंह सोनी निवाजनगर, आरुष पुत्र रणवीर नानगवास, विनीत कुमार पुत्र मुकेश कुमार कोथल खुर्द, प्रिंस पुत्र विक्रम सिंह कलवाड़ी, अंजेल पुत्री मनीश कुमार दौंगड़ा अहीर, प्रियांशी पुत्री राजेश कुमार दौंगड़ा अहीर ने सफलता प्राप्त की हैं। उन्होंने बताया कि हमारे यहां एकेडमिक शिक्षा एवं शारीरिक शिक्षा के साथ-साथ कम्पीटिशन एग्जामों की भी तैयारी करवाते रहते हैं और छठवीं से 12वीं की सभी कक्षाओं में फॉण्डेशन कोर्स चलाए जाते हैं। जिसके परिणम स्वरूप हमारे बच्चे आए दिन बेहतर परिणाम देते हैं। चेयरमैन धर्मेन्द्र यादव, वाइस चेयरमैन विजय सिंह यादव, निदेशक केसी यादव, उपप्राचार्य वीर सिंह यादव व समस्त स्टाफ ने सभी छात्रों व अभिभावकों को शुभकामना देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# टूर्नामेंट में आरपीएस महेंद्रगढ़ की टीम उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** ट्रॉफी के साथ उपविजेता टीम। फोटो: हरिभूमि

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल टूनामेंट में आरपीएस की फुटबॉल टीम उपविजेता रही। विजेता टीम को जिला शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार, एईओ रमेशचंद, आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव व प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि यह बड़ी खुशी का अवसर है कि महेंद्रगढ़ जो शिक्षा ही नहीं खेलों का भी हब बनकर उभर रहा है। आरपीएस के खिलाड़ी हर प्रकार की प्रतियोगिता में अव्वल भूमिका में नजर आ रहे हैं, यह सब शिक्षकों व बच्चों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। सीईओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि हाल ही में घोषित सीबीएसई परीक्षा परिणामों में उनके विद्यालय के बच्चों की उपलब्धि सभी के सामने हैं। देश की सबसे बड़ी प्रतियोगी परीक्षा यूपीएससी में भी आरपीएस के पांच विद्यार्थियों का चयन क्षेत्र व विद्यालय के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने कहा कि आरपीएस एक ऐसा मंच है जहां पर बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने का काम किया जाता है। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने बताया कि स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया यानी एसजीएफआई द्वारा 20 से 22 मई तक पानीपत में सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में एक जिले की एक टीम भाग ले सकती है जिसमें आरपीएस महेंद्रगढ़ की टीम ने इसमें भाग लेकर उपविजेता रही है। खेल एचओडी राजकुमार यादव ने बताया कि प्रतियोगिता में आरपीएस महेंद्रगढ़ की टीम ने क्वार्टर फाइनल में हिसार को 4-2 से हराया, पानीपत को 4-2 से हराया और सेमिफाइनल में फरीदाबाद को 3-2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

#### यह रहे मौजूद

इस मौके पर स्पोर्ट्स डायरेक्टर अखिलेश तवर, एचओडी राजकुमार, प्रशिक्षक जितेंद्र फौगाट, धर्मवीर सोनी, अमित यादव, रविंद्र योगा, राकेश यादव, जगदीश कुमार, विक्रम, राकेश कुमार, संदीप कुमार, सज्जन सिंह, विशाल, प्रांजल, विजयपाल, नीरज, सुनिता, सुमिता, पायल, संजू, सुमन को बधाई देते हुए उनके कार्यों की सराहना की। इस मौके पर उप प्राचार्य दिनेश कुमार, डीन एलएन गौड़, पवन तिवारी, विंग हैड देवेन्द्र पुनिया, जिले सिंह, अमित कुमार, साक्षी मलिक, अनिता अहलावत सहित समस्त आरपीएस परिवार ने भी बधाई दी।

### महर्षि वाल्मीकि ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने हासिल किए 7 पदक



**नारनौल।** खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए डा.राजवती यादव।

**नारनौल।** महर्षि वाल्मीकि ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने वीरवार शाम को जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें महर्षि वाल्मीकि ताइक्वांडो कल्ब के बच्चों ने सात पदक हासिल कर आगे होने वाली राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में चयनित हुए खिलाड़ी जिसमें भव्य सैनी, कनिष्क, मनजीत, पंकज,आमीन खान ने स्वर्ण पदक व सारांश सैनी, हार्दिक सैनी रजत पदक हासिल कर अपने माता पिता व अपने ताइक्वांडो कोच व शहर का नाम रोशन किया इन सभी विजेता खिलाड़ियों को महर्षि वाल्मीकि धर्मशाला में महिला कांग्रेस मोर्चा की जिला अध्यक्ष डॉ राजवती यादव ने मैडल पहनाकर सम्मानित किया और सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की । सम्मानित समारोह ने उपस्थित हुए संदीप राव, रीना देवी ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश फौजी, ममता देवी व ताइक्वांडो कोच अजीत सिंह व ताइक्वांडो कोच पंकज बोयत व अमीन खान ताइक्वांडो कोच मौजूद रहे।

# विद्या भारती स्कूल के 22 छात्र सफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



विद्या भारती पब्लिक स्कूल निजामपुर के छात्र हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण हुए है। विद्यालय के कक्षा पांचवीं के विद्यार्थी आराध्या पुत्री सुरेन्द्र (तलोट), अंकेश पुत्र अनिल कुमार (बिहारीपुर), भवानी सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह (त्यौंदा), देवांशु पुत्र मिंकल कुमार (कंवर का नांगल), हर्ष पुत्र शक्ति सिंह (छिलरो), हर्षिता पुत्री अनिल कुमार (बसई), हिमांशी पुत्री संदीप कुमार (निजामपुर), जतिन पुत्र संजीव कुमार यादव (ढाणी जूनावाली डाबला), कनिका पुत्री बलजीत (तलोट), मयंक पुत्र विरेन्द्र (छिलरो की ढाणी), पुनीत पुत्र विक्रम सिंह (मेहाड़ा), पूर्वी पुत्री रमेश कुमार (नारनौल), रमन पुत्र श्यामसुंदर (अमरपुर जोरासी), रितुराज पुत्र विक्रम (सिहोड़), सिमरन पुत्री करण सिंह (पवेरा), ट्विंकल पुत्री अशोक कुमार (छिलरो), वासु पुत्र वेदपाल (नालपुर), यश पुत्र कृष्ण (पवेरा), यश पुत्र नेत्रपाल (पवेरा), योगेश पुत्र रामपाल (घाटाशेर), योगिता पुत्री राजबीर (गांवड़ीजाट) ने सैनिक स्कल की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है। इसी प्रकार कक्षा आठवीं के छात्र हैप्पी यादव पुत्र राकेश कुमार यादव (सिहोड़) ने भी सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है। इस प्रकार विद्यालय के 29 में से 22 छात्रों ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में सफलता अर्जित की है। विद्यालय के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव ने इन बच्चों का शुक्रवार विद्यालय प्रांगण में सम्मान किया।

इस दौरान संस्था की वाइस चेयरपर्सन डा. उषा यादव, प्रबंध निदेशक एडवोकेट पीयूष यादव, निदेशक डा. रविन्द्रा यादव, प्राचार्य विनोद यादव, उप प्राचार्य सपना मल्होत्रा, किड्स ब्लाक इंचार्ज विजय सोनी सहित सभी अध्यापकगण भी उपस्थित थे। संस्था के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव ने बच्चों की इस सफलता के लिए विद्यालय के सभी स्टाफ व अभिभावकों के कठिन परिश्रम के लिए धन्यवाद दिया।



### अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन

महेंद्रगढ़। डुलाना चीतलांग रोड स्थित एसपीजी आईएएस स्कूल में अभिभावक-शिक्षक बैठक पीटीएम का आयोजन किया गया। बैठक में कक्षा पहली से कक्षा 10वीं के बच्चों के अभिभावकों ने भाग लिया, शिक्षकों ने अभिभावकों को बच्चों के प्रदर्शन की जानकारी दी और बच्चों की परिणाम रिपोर्ट सांझा की। मीटिंग के दौरान शिक्षकों की मेहनत से अभिभावक काफी खुश हुए, संतुष्ट नजर आए। प्रधानाचार्या सरिता राव ने इस शानदार परिणाम के लिए सभी अभिभावकों व अध्यापकों को बधाई दी।

### मॉडर्न स्कूल के 21 विद्यार्थियों ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा क्वालीफाई की



महेंद्रगढ़। मॉडर्न वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भोजावास के विद्यार्थियों ने ऑल इंडिया सैनिक स्कूल एंट्रेंस एग्जाम की परीक्षा क्वालीफाई की। छठी कक्षा में दाखिले के लिए यह परीक्षा 18 विद्यार्थियों ने दी थी। कक्षा नौवीं में दाखिले के लिए यह परीक्षा पांच विद्यार्थियों ने दी थी। कक्षा नौवीं के जिन पांच विद्यार्थियों ने यह परीक्षा दी थी, उनमें से चार विद्यार्थियों ने यह परीक्षा क्वालीफाई की। इसी प्रकार कक्षा छठी में दाखिले के लिए 18 विद्यार्थियों में से 17 विद्यार्थियों ने यह परीक्षा क्वालीफाई की। छठी कक्षा में परी पुत्री महेश कुमार, युग सहरावत पुत्र संजय कुमार, कार्तिक पुत्र सुरेंद्र, पार्थ यादव पुत्र राजवीर सिंह, गौरव पुत्र सुनील कुमार, प्रिंस पुत्र प्रदीप कुमार, रेहान पुत्र नरेंद्र कुमार, साहिल पुत्र सुनील कुमार, रितिक पुत्र पवन सिंह, प्रतीक पुत्र सुनील कुमार, विक्रांत पुत्र संजय, निकुंज पुत्र परमजीत, ईशा पुत्री ओमप्रकाश, पारुल पुत्री हरिओम, खुशबू पुत्री राधेश्याम, विराज पुत्र राजवीर, अग्रिमा पुत्री विक्रम ने परीक्षा पास की। इसी प्रकार कक्षा नौवीं में अवनी पुत्री राजवीर, जन्नत पुत्री महेश कुमार, गोविंद पुत्र कुमार मनोज, रिद्धि पुत्री धर्मवीर सिंह ने परीक्षा पास की। निदेशक राजकुमार यादव, हवासिंह यादव, प्राचार्य अनिल कुमार, प्रबंधन समिति सदस्य मनोज कुमार, नवीन कुमार, अध्यापक राम सिंह, राकेश कुमार, अध्यापिका शकुंत सहरावत तथा समस्त स्टाफ सदस्यों ने विशेष पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

# टैगोर स्कूल में सैनिक स्कूल में चयनितों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



टैगोर स्कूल में सैनिक स्कूल में चयनित विद्यार्थियों को किया सम्मानित किया गया। मीडिया प्रभारी मनीष यादव ने बताया कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा गत दिवस ऑल इंडिया सैनिक स्कूल परीक्षा का आयोजन करवाया गया था, जिसका परीक्षा परिणाम 22 मई को घोषित किया गया। घोषित परिणाम में टैगोर स्कूल के 178 विद्यार्थियों का चयन हुआ, जिसमें कक्षा आठवीं में आरिक ने 350 अंक लेकर विद्यालय में प्रथम, कक्षा पांचवी में शिवांश ने 257 अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसके उपलक्ष्य में विद्यालय में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसके मुख्यातिथि चेयरमैन डॉ. बीएल यादव रहे। जिसकी अध्यक्षता सीईओ डॉ. निशा यादव ने की।

सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रार्थना सभा में फूलमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर सम्मान किया। मुख्यातिथि ने बताया कि सैनिक स्कूल में अपार सफलता का पूरा श्रेय विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और उनको पढ़ाने वाले सभी अध्यापकों को जाता है। प्राचार्य वीरेंद्र सिंह ने बताया कि ऑल इंडिया सैनिक स्कूल परीक्षा का आयोजन हर वर्ष होता है।

इस परीक्षा में देश के सभी स्कूलों के विद्यार्थी भाग लेते हैं। मैनेजिंग डायरेक्टर राहुल यादव ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन पर समस्त स्टाफ व विद्यार्थी का आभार व्यक्त किया।

# लिंगानुपात सुधारने के लिए जन जागृति रथ यात्रा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी



**नारनौल।** जन जागृति रथ यात्रा के दौरान ग्रामीणों को जागरूक करते हुए।

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जागृति रथ यात्रा निकाली गई। इस यात्रा के तहत शुक्रवार गांव थनवास व आंतरी (खंड नांगल चौधरी) में जागरूकता रैलियां आयोजित की गईं। इन गांवों का लिंगानुपात अपेक्षाकृत खराब होने के कारण यह विशेष पहल की गई।

गौरतलब है कि 21 मई को उपायुक्त डॉ विवेक भारती द्वारा जागृति रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था। अब यह क्रमवार रूप से ऐसे चिन्हित गांवों में पहुंच रही है जहां अपेक्षाकृत लिंगानुपात खराब है। यह रथ यात्रा हरियाणा सरकार की 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना के अंतर्गत संचालित की जा रही है। इसका उद्देश्य लिंगानुपात में सुधार और बेटियों के प्रति समाज में सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना है। गांव थनवास में रैली की अध्यक्षता पंच निर्मला द्वारा और गांव आंतरी में रैली की अध्यक्षता सरपंच मुनेष देवी द्वारा की गई। रैली में बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और समानता के विषय पर जागरूकता संदेश दिए गए। गांव आंतरी में सरपंच मुनेश देवी ने लड़कियों की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कहा कि आज के युग में लड़कियां हर क्षेत्र में आगे हैं। सुपरवाइजर निशा ने बेटा-बेटी में भेदभाव न करने का संदेश दिया। दोनों गांवों में रैलियों में अध्यापक गण, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा वर्कर, पंच-सरपंच, ग्रामीण महिलाएं व बच्चे तथा गणमान्य नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी की। इस अवसर पर गांव थनवास में मुख्य अध्यापक दीपक कुमार ने महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक विकास पर प्रकाश डाला। सुपरवाइजर सोनू यादव ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटियों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। कुमारी अंजू ने कन्या भ्रूण हत्या को गंभीर अपराध बताते हुए समाज से इसे जड़ से समाप्त करने की अपील की।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं विष्णु कुमार पुत्र श्री किशोरी लाल गांव कारोता तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि आधार कार्ड में मेरे बेटे का नाम कार्तिक लिखा गया, जोकि सही नहीं है। बेटे का सही नाम कार्तिक जांगिड़ है। भविष्य में मेरे बेटे को कार्तिक जांगिड़ के नाम से जाना जाए।

**सूचना**

मैं, योगेन्द्र सिंह पुत्र श्री रतन सिंह निवासी भाण्डोर उंची तहसील व जिला महेन्द्रगढ़ बयान करता हूं कि मेरा पुत्र हिमान्शु मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# चालक को बंधक बनाकर मंथली मांगने का मामला निकला झूठा, सभी आरोपों को कोर्ट में नकारा

- चालक ने कोर्ट में दिए ब्यान में कहा, सरपंच प्रतिनिधि व अन्य युवकों ने ओवरलोड़ वाहन लेकर आने से किया था मना, आरटीए ने किए था चालान
- चालक को बंधक बनाकर मंथली मांगने का आरोप, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की थी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

गांव जेरपुर के सरपंच प्रतिनिधि व गांव के अन्य युवकों पर क्रेशर प्लांट मालिक द्वारा चालक को बंधक बनाकर मंथली मांगने का मामला झूठा निकला। चालक ने कोर्ट में दिए ब्यान में मालिक के आरोपों को पूरी तरह से नकार दिया है। चालक का कहना है कि सरपंच प्रतिनिधि व अन्य युवकों ने उसको केवल गांव से ओवरलोड वाहन लेकर आने से मना किया था। उसके साथ कोई वारदात नहीं हुई।

बता दें कि रेवाड़ी जिला के गांव जाड़रा निवासी रविंद्र खोला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने जेरपुर में भगवती ग्रीट उद्योग के नाम से क्रेशर प्लांट लगाया हुआ है तथा उसके पास तीन 12 टायरी गाडिया है। 18 मई को गाड़ी नंबर एचआर 47 जी में गांव राजावास निवासी ड्राईवर टेकचंद पहाड़ से पत्थर भरकर अपने क्रेशर पर ला रहा था। जब ड्राईवर पत्थर से भरी गाडी लेकर माता मंदिर के पास पहुंचा तो छह लड़के सरपंच का भतीजा आशीष, विक्की गुर्जर, संदीप, सतीश गुर्जर, मोहित गुर्जर, राजू व अन्य युवकों ने मिलकर ट्रक के आगे कैंपर गाडी नंबर एचआर 26 एफएम 4689 लगाकर ट्रक को रुकवा लिया व गाड़ी के अंदर घुस गए। उन्होंने ड्राईवर के साथ हाथापाई की तथा उसका मोबाईल छीन लिया। इसके बाद ड्राईवर टेकचंद को बंधक बनाकर महेंद्रगढ के लिए चल दिए तथा पीछे-पीछे उनकी कैंपर गाड़ी भी चल रहीं थी। महेंद्रगढ़ के समीप उनको आरटीओ की टीम मिल गई। सभी युवक अपनी कैंपर गाड़ी लेकर वापस चले गए। ड्राईवर ने मुझे बताया कि अगर गाडी यहा चलानी है तो मुझे प्रत्येक माह एक लाख रुपये की मंथली देनी होगी। मंथली नही देने पर इस तरह गाडी को पकड़कर प्रत्येक दिन आरटीओ को सौंप दिया जाएगा। रवींद्र खोला ने बताया कि सूचना मिलने के बाद वह रेवाड़ी से महेंद्रगढ़ पहुंचा। रवींद्र का कहना है कि आरटीओ की टीम ने बताया कि सरपंच के भतीजे आशीष व उसके साथियों ने गाड़ी पकड़वाई है तथा गाड़ी का चालान कर दिया है।

### ड्राईवर ने आरोपों को पूरी तरह से नकारा

गांव राजावास निवासी ट्रक ड्राईवर टेकचंद ने कोर्ट में दिए ब्यान में बताया कि वह 18 मई को गाड़ी नंबर एचआर 47 जी 7059 में ओवरलोड पत्थर भरकर लेकर जा रहा था। दोपहर के आरटीओ ने टीम सहित उसकी गाड़ी रूकवाकर चालान कर दिया था। उसको जानकारी मिली कि गाड़ी मालिक ने आशीष, विक्की गुर्जर, संदीप, सतीश गुर्जर, मोहित गुर्जर, राजू व अन्य युवकों पर उसके साथ मारपीट कर बंधक बनाकर एक लाख रुपये मंथली मांगने की शिकायत दी है। पुलिस ने सभी युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। टेकचंद ने बताया कि उसके साथ कोई वारदात नहीं हुई। उसको माता के मंदिर के समीप चार से पांच खड़े हुए मिले थे। उन्होंने गाड़ी को रूकवा कर केवल ओवरलोड वाहन लेकर ना आने की बात कहीं थी। उसने इस बारे में गाड़ी मालिक को भी सूचना दे दी थी।

# बीआर स्कूल के 20 विद्यार्थियों ने उत्तीर्ण की सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा


महेंद्रगढ़। परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों को सम्मानित करते विद्यालय के चेयरमैन हरीश भारद्वाज व स्टॉफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**महेंद्रगढ़।** गांव सेहलंग स्थित बीआर स्कूल के 20 विद्यार्थियों ने अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा की उत्तीर्ण की है। इस अवसर पर स्कूल में एक सम्मान समारोह आयोजित कर विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के दौरान स्कूल के चेयरमैन हरीश भारद्वाज व वाईस प्रिंसिपल ज्योति भारद्वाज ने इन सभी छात्रों को माला पहनाकर सम्मानित किया। छात्रों ने कक्षा छठी के लिए रितिका पुत्री कुलभूषण, रजत पुत्र महेश, रिया पुत्री सतीश, आरव पुत्र हरीश, लक्षित पुत्र मनजीत, निशांत पुत्र नरेश, अभिनंदन पुत्र रविंद्र, यशवनी पुत्री नरेश, राखी पुत्री सतीश, आर्यनवीर पुत्र विक्रमवीर, आदित्य पुत्र दिनेश, हनी पुत्र रविंदर, वरुण पुत्र मोहन, मानविक पुत्र इंद्रजीत, यश पुत्र राजबीर, काव्या पुत्री प्रवीण, अनमोल पुत्र राजेश, तथा कक्षा नौवीं के लिए अर्जुन पुत्र मनीष, रौनक पुत्र सत्यवान तथा हर्षिता पुत्री सुनील ने सैनिक की परीक्षा पास की है। स्कूल के चेयरमैन हरीश भारद्वाज ने कहा कि यह न केवल इन छात्रों की व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि यह स्कूल के समर्पित शिक्षकों और अभिभावकों के अथक प्रयासों का भी परिणाम है। चेयरमैन हरीश भारद्वाज ने बताया कि यहां के विद्यार्थी अब आगे की चयन प्रक्रियाओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और देश की सेवा में अपना योगदान देंगे।

## खबर संक्षेप



### छबील लगाकर बच्चों को गर्मी से राहत दिलाई

**नारनौल।** पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नांगल दर्गू के सभी छात्र-छात्राओं को गुरुजी ठंडाई का शरबत पानी पिलाकर बच्चों को भीषण गर्मी से राहत दिलाई। विद्यालय की प्राचार्या कैलाश यादव ने बताया कि एकादशी पर पुण्य करने से मन को शांति, मनोवांछित फल प्राप्त होता है और सुख शांति व समृद्धि बनी रहती है। जब भी हमें ऐसे अवसर प्राप्त हो तो हम सभी को ऐसे पुण्य कार्य करते रहना चाहिए।

### परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम आज से

**सतनाली मंडी।** सतनाली में दो दिवसीय भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम का शुक्रवार शुभारंभ किया जाएगा। भगवान परशुराम वेलफेयर सोसायटी सतनाली प्रधान शिवकुमार शास्त्री ने बताया कि दो दिवसीय भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम के तहत पहले दिन शनिवार को प्रातः 7:15 बजे से भव्य शोभा यात्रा व कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

### हरिभूमि विज्ञापन जिला प्रबंधक के बड़े भाई का निधन

**महेंद्रगढ़।** दैनिक हरिभूमि अखबार के विज्ञापन जिला प्रबंधक सोहनलाल के बड़े भाई का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार उनके निवास स्थान शहर के मोहल्ला ढाणी चलकर बुचोली रोड पर स्थित स्वर्ग आश्रम में किया गया। सोहनलाल टैनी ने बताया कि शुक्रवार सुबह 6:30 बजे उनका निधन हुआ। बड़े भाई राजकुमार कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनकी उम्र लगभग 54 वर्ष थी। उनको मुख्याग्नि उनके पुत्र राहुल व सुनील ने दी। स्व. राजकुमार बड़े धार्मिक विचारों के इंसान थे। इस मौके पर मुरारी लाल शर्मा, सागरमल, योगेश सैन, रतन सिंह यादव, पतराम, घीसाराम आदि श्रद्धांजलि अर्पित की।



## मोहल्लावासी बोले, अगर प्रशासन ने गंदगी साफ नहीं करवाई तो देंगे धरना

# महायचान में खुले में डाली जा रही मुर्गे व बकरे की खाल, लोग परेशान

इस मार्ग पर चार मंदिर, एक अस्पताल, स्कूल, मस्जिद, कबाड़ की दुकानें, पटवार घर स्थित है।


महेंद्रगढ़। गंदगी दिखाते मोहल्ले के लोग। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

शहर के मोहल्ला महायचान स्थित चौड़े रोड की साइड में मुर्गे व बकरे की खाल व पंख खुले में डाले जा रहें हैं। इनमें उठने वाली बदबू मोहल्लावासी व आने-जाने वाले राहगीरों के लिए जी का जंजाल बनी हुई है। वीरवार को मौहल्ले के लोगों ने प्रशासन के प्रति नाराजगी जाहिर की हैं। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि अगर प्रशासन ने इस जगह पर यह गंदगी बंद नहीं करवाई तो धरना देने को मजबूर होंगे।

बता दें कि मोहल्ला महायचान में चौड़े रोड की साइड में मीट की दुकान चलाने वाले दुकानदार रात्रि के समय मुर्गे व बकरे की खाल व पंख डाल जाते हैं। खाल व पंख को कुत्ते यहां से उठाकर उनके घर द्वार तक ले जाते हैं। इनमें उठने वाली गंदी बदबू के चलते मोहल्ले के साथ-साथ आने-जाने वाले राहगीर का जीना दूभर हो गया है। इस मार्ग पर चार मंदिर, एक अस्पताल, स्कूल, मस्जिद, कबाड़ की दुकानें, पटवार घर स्थित है। इसके अलावा लोग लघु सचिवालय जाने के लिए इसी मार्ग का इस्तेमाल करते हैं। इसके अतिरिक्त लोग सब्जी मंडी व शहर का प्रमुख 11 हट्टा बाजार जाने के लिए इसी रोड से होकर गुजरते हैं।

स्कूली विद्यार्थी व कॉलेज की छात्राएं महाविद्यालय में इसी रास्ते से आती व जाती हैं। यह छोटा व आसान रास्ता भी है। आसपास के ग्रामीण पटवारी के पास भी इसी रास्ते से आते है। जिसके चलते उक्त लोगों में प्रशासन के प्रति भारी रोष व्यापक है।

### 34 से 40 मीट की दुकानें चल रही

शहर में बिना अनुमति के करीब 34 से 40 मीट की दुकानें चल रही हैं। ज्यादातर दुकानें शहर की रिहायशी कॉलोनियों में खुली हुई हैं। जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह दुकानदार यहां से दिनभर कारोबार करके गंदगी को यहीं पर डाल देते हैं। शहर में इन दिनों मौहल्ला खटीकान, अटेली रोड, महायचान मौहल्ला व रेवाड़ी रोड पर मीट का खुला कारोबार चल रहा है। नियम के अनुसार शहर में मीट की दुकानों के लिए अलग से स्थान होना चाहिए। दुकानदारों को दुकान चलाने के लिए नगर पालिका से अनुमति लेनी होती है। रिहायशी कॉलोनियों में मीट की दुकान चलाना गलत हैं। मौहल्ला खटीकान में मीट की दुकानों को बंद करवाने को लेकर लोग कई बार शिकायत भी कर चुके है। जिस ओर नगर पालिका प्रशासन का कोई ध्यान नहीं है।

### गंदगी डालने वाले पर हो कार्रवाई



अशोक लोहमरोड ने कहना है कि काफी समय से रात्रि को अज्ञात लोग गंदगी को यहां डाल देते हैं। जिससे आने-जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। प्रशासन को यहां से गंदगी हटवानी चाहिए। इसके अलावा गंदगी डालने वाले लोगों पर कार्रवाई करनी चाहिए।

### घर द्वार तक ले आते हैं गंदगी



मोहल्ले की महिला सुरेश देवी का कहना है कि आवारे कुत्ते यहां से गंदगी उठाकर हमारे घर द्वार तक ले आते हैं। जिससे काफी परेशानी होती हैं। प्रशासन को यहां से गंदगी हटवानी चाहिए।


मंडी अटेली। सैनिक स्कूल परीक्षा परिणाम में उत्तीर्ण विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# हिंदुस्तान पब्लिक स्कूल के छात्र ने पाया अव्वल स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

हाल ही में आयोजित हुई सैनिक स्कूल के परिणाम में हिंदुस्तान पब्लिक स्कूल सलीमपुर ने दावा किया है कि उनके स्कूल के छात्र ने हरियाणा में प्रथम स्थान जबकि पूरे भारत में 21 वां स्थान प्राप्त किया है।

स्कूल प्राचार्य अनूप कुमार ने बताया कि कक्षा छठीं व नौंवी में प्रवेश के लिए सैनिक स्कूल परीक्षा परिणाम में 18 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। जिस में सर्वश्रेष्ठ परिणाम सिद्धांत ने हरियाणा में प्रथम स्थान प्राप्त करके अभिभावक स्कूल एवं अपने हरियाणा का नाम रोशन किया है। स्कूल डायरेक्टर राकेश यादव ने बताया कि सिद्धान्त पुत्र दिनेश कुमार ने सैनिक स्कूल परीक्षा में 300 अंकों में से 294 अंक प्राप्त करके हरियाणा में पहला स्थान प्राप्त किया व पूरे भारत में 21वां स्थान पर अपना नाम दर्ज करवाया। इस परिणाम से अटेली क्षेत्र में एक नई खुशी की लहर है। स्कूल चेयरमैन एवं जिला पार्षद प्रतिनिधि शमशेर सिंह यादव ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस सफलता के लिए अध्यापक व अभिभावकों का भी योगदान रहा है यह सब बच्चों की कड़ी मेहनत का परिणाम है।

हम अपनी तरफ से विद्यार्थियों को हर प्रकार की बेहतरीन सुविधा के लिए प्रतिबंध है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से आग्रह क्या कि हमें जिंदगी में कभी भी हार नहीं माननी चाहिए तथा कड़ी मेहनत से ही हम विद्यार्थी जीवन में हर सफलता प्राप्त कर सकते हैं। इस मौके पर वॉइस चेयरमैन मनोज कुमार, वॉइस प्रिंसपल एकता यादव, हितेश कुमार, ललिता यादव, विनय कुमार, सुनीता यादव, प्रिया, नरेंद्र कोच, उषा, प्रियंका यादव आदि स्टाफ उपस्थित रहा।


नारनौल। ध्रुव के साथ स्कूल स्टाफ फोटो : हरिभूमि

# यदुवंशी स्कूल के छात्र ध्रुव ने किसमें कितना है दम में राष्ट्रीय स्तर पर किया क्वालीफाइ

**नारनौल।** शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहे यदुवंशी शिक्षा निकेतन के लिए यह गौरव का क्षण है, जब विद्यालय के होनहार छात्र ध्रुव (पुत्र श्री सुबे सिंह) ने राज्य स्तरीय स्तर पर अपनी विलक्षण प्रतिभा का परिचय देते हुए 'शैक्षणिक रियलिटी शो' 'किसमें कितना है दम' में राष्ट्रीय स्तर के लिए क्वालीफाई किया है। यह शो डीडी पंजाबी चैनल पर प्रसारित किया जा रहा है और इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में सामान्य ज्ञान की जागरूकता को बढ़ावा देना तथा उनकी बौद्धिक क्षमता का राष्ट्रीय मंच पर मूल्यांकन करना है। ध्रुव ने कक्षा 9वीं (स्पार्क) के छात्र के रूप में सामान्य ज्ञान विषय पर आधारित क्विज प्रतियोगिता में राज्य स्तरीय चयन प्रक्रिया में शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी को चौंका दिया।इस महान उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन राव बहादुर सिंह, निदेशिका सुरेश यादव, प्राचार्य डॉ. अनंत शर्मा, एवं उप-प्राचार्य नरेश यादव ने ध्रुव को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# बोचड़िया सरकारी स्कूल के 3 विद्यार्थियों का सैनिक स्कूल परीक्षा में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली


मंडी अटेली। सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बोचड़िया के तीन विद्यार्थियों का सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। इनमें दो सगी बहने है तथा लड़का है जो जिला स्तरीय एनएमएमएस परीक्षा में प्रथम रहा था। ग्रामीण क्षेत्र में सरकारी स्कूल के एक साथ तीन विद्यार्थियों का प्रतिष्ठित सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर शुक्रवार को विद्यालय स्तर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। स्कूल प्राचार्य अजीत सिंह यादव ने बताया कि उनके स्कूल के कक्षा नौवीं के विद्यार्थी पीयूष सोनी पुत्र सतीश, अंजली पुत्री सुनील कुमार व कक्षा छह के लिए वर्षा पुत्री सुनील कुमार ने सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है। प्राचार्य ने बताया कि कक्षा दसवीं का शत प्रतिशत तथा बारहवीं का भी परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा दसवीं में 10 मेरिट, बारहवीं में 13 मेरिट रही। कक्षा बारहवीं की छात्रा खुशी ने अटेली खंड में द्वितीय स्थान, कक्षा नौवीं की छात्रा प्रिया ने राज्य स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी में सांत्वना पुरस्कार अर्जित किया। श्लोकोच्चारण के गीता जयंती महोत्सव में स्कूल की छात्राएं जिला स्तर पर दूसरे स्थान पर रही। वही कबड्डी के खेलों में जिला स्तर पर हुई प्रतियोगिता में उप विजेता रहे। प्राचार्य ने बताया कि स्कूल के हिंदी अध्यापक धर्मेन्द्र व सामाजिक अध्ययन के अध्यापक संदीप कुमार, निशा यादव, सोमेश्वर राव सहित सभी स्टॉफ सदस्य अपनी लग्न से कमठता से विद्यार्थियों को पढ़ाते है। हिंदी अध्यापक धर्मेंद्र ने बताया कि बुनियाद लेवल-एक में आठ, लेवल-दो में छह विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। जिला स्तरीय व्याकरण प्रतियोगिता के कक्षा वर्ग छह-आठ वर्ग में विद्यालय की टीम प्रथम रही।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामलों में एक और आरोपित काबू, पूछताछ में नकदी बरामद



**सतनाली।** सतनाली क्षेत्र में मोटर बाईडिंग व वर्क्सशॉप से कॉपर वायर चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए सीआईए पुलिस टीम ने एक ओर आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान जिला झज्जर के गांव सिलाना निवासी कुलदीप के रूप में हुई है। आरोपित चोरी की वारदातों में संलिप्त था। आरोपित सतनाली क्षेत्र में टायरों की दुकान से टायर चोरी करने के मामले में भी संलिप्त था। आरोपित को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया, आरोपित से पूछताछ में पुलिस ने नकदी बरामद की है। आरोपित को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस मामले में पुलिस द्वारा एक आरोपित जलदीप वासी उजीना हाल आबाद वार्ड नंबर 1 मेवात को पहले गिरफ्तार किया था। शिकायतकर्ता गांव जवाहरनगर निवासी मुकेश ने सतनाली पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बाबा चंद्राई नाथ मोटर बाईडिंग और वर्क्सशॉप की दुकान लोहारू रोड सतनाली पर की हुई है। शाम करीब 6 बजे वह अपनी दुकान को ताला व सेन्टर लोक अच्छी तरह से बंद करके चला गया था।

### राजकीय विद्यालय रामबास में मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह 26 को



**कनीना।** विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के क्षेत्र में 26 मई को कनीना सब डिवीजन के गांव रामबास में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में जिला पार्षद प्रमुख डा. राकेश कुमार, उप जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त, बीईओ विश्वेश्वर कौशिक कनीना व बीईओ देवेंद्र शर्मा अटेली सहित विभिन्न गांवों के सरपंच उपस्थित रहेगें। पूर्व बीईओ धर्मपाल सिंह उनकी धर्मपत्नी कमला देवी की स्मृति में आयोजित इस समारोह में प्रवक्ता रमन शास्त्री द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृति प्रदान की जाएगी। रमन शास्त्री ने बताया कि रामबास स्कूल के विद्यार्थियों के लिए बीते वर्ष छात्रवृति योजना प्रांरभ करने की घोषणा की गई थी। इस योजना से विद्यार्थियों में प्रतिभा का विकास होने के साथ-साथ आत्विश्वास में बढौतरी हुई है। प्रवक्ता रमन शास्त्री ने बताया कि उनके पिता पूर्व बीईओ धर्मपाल सिंह व कमला देवी की स्मृति में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रामबास के जिन विद्यार्थियों ने बोर्ड की परीक्षा में अव्वल परिणाम हासिल किया है ऐसे विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने तथा प्रोत्साहित करने की दिशा में छात्रवृति कारगर कदम साबित होगी। जिसके अंतर्गत प्रति वर्ष 12वीं कक्षा में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को क्रमशः 5100, 3100, 2100 तथा दसवीं कक्षा में श्रेष्ठ स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थियों को 5100, 2100 व 1100 रूपये की नकद छात्रवृति प्रदान की जाएगी।

## डीसी डॉ. विवेक भारती ने दिए क्विक रिस्पांस देने के निर्देश

# एनडीआरएफ की टीम ने जिला प्रशासन के साथ की टेबल टॉप एक्सरसाइज

जल्द होगी एनडीआरएफ के साथ मिलकर मॉक ड्रिल रिहर्सल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


नारनौल। बैठक में आपदा प्रबंधन पर जानकारी देती असिस्टेंट कमांडेंट सरोज रानी।

उपायुक्त डॉ विवेक भारती ने कहा कि किसी भी प्रकार की आपदा अथवा युद्ध जैसे चुनौतीपूर्ण हालात में क्विक रिस्पांस सबसे महत्वपूर्ण होता है। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) के आने तक जिला प्रशासन की टीम तथा सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स जनहानि को रोकने में अहम भूमिका निभाता है। ऐसे में हम सभी को हमेशा के लिए ऐसी स्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए। डीसी शुक्रवार लघु सचिवालय के मीटिंग हॉल में एनडीआरएफ सातवीं बटालियन भटिंडा की टीम के साथ प्रशासनिक अमले के साथ हुई टेबल टॉप एक्सरसाइज में बोल रहे थे।

उपायुक्त ने कहा कि जल्द ही एनडीआरएफ तथा प्रशासनिक अधिकारियों व सिविल डिफेंस वालंटियर के साथ एक मॉक ड्रिल रिहर्सल कराई जाएगी। इसमें हमारी तैयारियों को परखा जाएगा। इस मौके पर असिस्टेंट कमांडेंट सरोज रानी ने बताया कि स्थानीय नागरिकों को बेहतर आपदा प्रबंधन सीखाने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल गृह मंत्रालय की टीम 19 से 31 मई तक विभिन्न स्कूल-कॉलेजों तथा गांवों में आपदा से निपटने के लिए लोगों को जागरूक कर रही है। इसी कड़ी में जल्द ही एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि एनडीआरएफ आपातस्थितियों और आपदाओं पर त्वरित एवं कुशल प्रतिक्रिया प्रदान करता है। यह बल आपात स्थिति में राहत और पुनर्वास प्रदान करने के लिए अन्य संस्थाओं के साथ मिलकर कार्य करता है। इस बैठक में महेंद्रगढ़ के एसडीएम अनिल यादव, नांगल चौधरी के एसडीएम मनोज कुमार, कनीना के एसडीएम डॉ जितेंद्र अहलावत, नारनौल के एसडीएम रमित यादव, नगराधीश मंजीत कुमार, सीएमओ डॉ अशोक कुमार, जिला राजस्व अधिकारी राकेश कुमार तथा एनडीआरएफ इंस्पेक्टर शिवकुमार के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

### जुलाई के प्रथम सप्ताह से होगा युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन

**नारनौल।** देश के युवाओं की लोकतान्त्रिक समझ को बेहतर बनाने, तार्किक शक्ति का विकास करने और देश की संसदीय व्यवस्था से परिचित कराने के मकसद से राज्य शैक्षिणिक अनुसन्धान एवं प्रशिक्षण परिषद् गुरुग्राम के निर्देशन और डाईट महेंद्रगढ़ के तत्वावधान में जिले के विभिन्न स्कूलों में युवा संसद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस विषय में जानकारी देते हुए डाईट महेंद्रगढ़ के प्राचार्य सुनील दत्त ने बताया कि संसदीय कार्यमंत्रालय के निर्देशन में एससीईआरटी हरियाणा द्वारा युवा संसद का आयोजन किया जा रहा है। जिले के पांचों खंड में इन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। जिले के प्रत्येक खंड से पांच पांच स्कूल युवा संसद के लिए चयनित किए गए हैं। इस प्रकार रहेगा शेड्यूल युवा संसद के आयोजन के लिए जिला शिक्षा एवम प्रशिक्षण संस्थान महेन्द्रगढ़ के प्रवक्ता राजनीति विज्ञान राकेश यादव सिगड़ा ने बताया कि युवा संसद कार्यक्रम के लिए खण्ड स्तर पर टीमों का चयन कर लिया गया है।

### जिले में पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध : डॉ. विवेक भारती

**नारनौल।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार जिला महेंद्रगढ़ में पूरे साल के लिए पटाखे चलाने पर पूर्ण पाबंदी लगा दी गई है। इन आदेशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। डीसी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार, हरियाणा राज्य के एनसीआर क्षेत्र में महेंद्रगढ़ जिले में सभी प्रकार के पटाखों के विनिर्माण, भंडारण, बिक्री, ऑनलाइन विपणन प्लेटफार्मों के माध्यम से डिलीवरी और पटाखे फोड़ने पर पूरे वर्ष प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने बताया कि यह आदेश पर्यावरण संरक्षण एवं जन स्वास्थ्य के हित में जारी किया गया है। इससे वायु गुणवत्ता को बनाए रखने में सहायता मिलेगी। सभी नागरिकों से अनुरोध है कि वे इस आदेश का पालन करें और अपने आस-पास के लोगों को भी इस विषय में सूचित करें। उपायुक्त ने बताया कि यदि कोई इस आदेश का उल्लंघन करता है तो जिला प्रशासन, पुलिस विभाग एवं पर्यावरण विभाग भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा अन्य विभिन्न प्रावधानों के तहत कार्रवाई करेंगे। दोषियों को जुर्माना और सजा दोनों का सामना करना पड़ सकता है।